नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 31वीं बैठक

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 29.11.2016 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की वर्ष की द्वितीय छमाही बैठक श्री ओ.पी.सिंह. निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर आमंत्रित अतिथि डॉ.हरिश्चन्द्र शर्मा, हिंदी शिक्षण योजना,गृह मंत्रालय,राजभाषा विभाग उपस्थित हुए। इनके अलावा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के प्रारंभ में श्री बी.सी.त्रिपाठी ,महाप्रबंधक(राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास, संबलपुर ने अध्यक्ष महोदय,आमंत्रित अतिथि तथा उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैठक में हम संबलपुर नगर स्थित केंद्रीय सरकार के समस्त कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को बढ़ाने के बारे में अपने-अपने विचार रखेंगे एवं भविष्य की कार्य योजनाओं पर वार्ता करेंगे। केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति को शत-प्रतिशत लागू कराने का दायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख का होता है अत: प्रयास यह रहे कि कार्यालय प्रमुख स्वयं बैठक में पधारें एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु उपस्थित सदस्यों को भी प्रेरित करें।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह राजभाषा की ही शक्ति है, जिसने समस्त कार्यालय प्रमुखों को राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने हेतु एक मंच पर एकत्रित किया है जो कि अनेकता में एकता का अनुपम उदाहरण है।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/ राजभाषा) द्वारा बैठक के संचालन के साथ-साथ पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान सदस्य कार्यालयों ने अपने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हो रहे कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया ।

बैठक में राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित डॉ.हरिश्चन्द्र शर्मा ने सदस्य कार्यालयों में हो रहे कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए साथ ही जुलाईनवम्बर,2016 के प्रशिक्षण से जुड़े तथ्य प्रस्तुत किए।

बैठक में अध्यक्ष महोदय के करकमलों से वर्ष 2015-16 में सदस्य कार्यालयों में बेहतर राजभाषा कार्यान्वयन के करने वाले चयनित कार्यालयों क्रमश:-सरकारी कार्यालय,उपक्रम एवं बैंक को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नराकास राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया।

अंत में श्री बी.आर. साहू कलिहारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

MCL
MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक
दिनांक : 29.11.2016

MCL
MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक
दिनांक : 29.11.2016

MCL
दिनांक : 29.11.2016

MCL

MCL

MCL